संक्षिप्त

वन्यजीव संरक्षण पखवाड़ा 6 से

कोटा, (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत शिक्षा विभाग कर्मचारी सहकारी सभा 696 आर तथा राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाईड के संयुक्त तत्वावधान में 6 से 20 जनवरी तक वन एवं वन्य जीव संरक्षण पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। शिक्षा सहकारी के अध्यक्ष एवं स्काउट गाईड के जिला प्रधान प्रकाश जायसवाल ने बताया कि पखवाड़े के अंतर्गत वन्य जीवों के लिए दाना पानी की व्यवस्था, पैदल हाईक, साइकिल रैली, वन भ्रमण, जनजागरण रैली आदि गतिविधियों आयोजित होंगी। साथ ही, प्रश्नोत्तरी, निबंध, स्लोगन, खेलकूद, वनस्पतियों एवं वन्य जीवों को जानो, चित्रकला, भाषण आदि की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। उपाध्यक्ष महेंद्र नागर एवं मंत्री जमनालाल गुर्जर ने बताया कि संस्था अध्यक्ष प्रकाश जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के तहत आगामी समय में सड़क सुरक्षा पखवाड़े का आयोजन, राज्य स्तरीय खिलाड़ियों, राज्य पुरस्कार प्राप्त स्काउट गाईड, रोवर रेंजर एवं ए प्रमाण पत्र प्राप्त एनसीसी कैडेट का शैक्षिक भ्रमण, महिला सशक्तिकरण, महापुरुष/शहीदों को नमन, बाल विवाह उन्मूलन आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, रक्तदान शिविरों का आयोजन भी बदस्तूर जारी रहेगा।

तीन दिवसीय शिविर कल से

कोटा, (निसं)। तीन दिवसीय निरामया प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर 3 से 5 जनवरी तक सनाढ्य भवन महावीर नगर प्रथम में प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जाएगा। आयोजक प्रकाशचंद गुप्ता ने बताया कि शिविर में प्राकृतिक संसाधनों के द्वारा घुटने का दर्द, कमर दर्द, साइटिका तथा सर्वाइकल के दर्द का इलाज किया जाएगा। जिसके लिए निशुल्क पंजीकरण किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में डॉ. विनीत केटकर, डॉ.गीता वेलशेखर, डॉ.मधुमिता बरुआ, डॉ.कनुमाला राजगोपाल, डॉ.पूजा, डॉ.राधिका जैन इंदौर चिकित्सा एवं परामर्श करेंगे। शिविर में सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति, सेठ जानकीलाल पटेल जनकल्याण सेवा ट्रस्ट, आयरन मैन जिम, सत्यार्थ मुनि, आर्य समाज महावीर नगर प्रथम का भी सहयोग रहेगा।

आरोपी लोन ऑफीसर गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। बोरखेड़ा पुलिस टीम ने भारत फाइनेंस कंपनी के कलस्टर मैनेजर की शिकायत पर धोखाधड़ी के दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए कंपनी के लोन ऑफीसर को गिरफ्तार किया है। बोरखेड़ा थाना अधिकारी अनिल टेलर ने बताया कि 9 अक्टूबर 2025 को भारत फाइनेंस लिमिटेड कंपनी के क्लस्टर मैनेजर ने थाने में शिकायत दी थी। शिकायत में कहा कि ब्रांच में लोन ऑफिसर के पद पर कार्यरत योगेश सैनी ने करीब 20 सदस्यों के साथ धोखाधड़ी कर अलग-अलग माध्यम से रूपए लिए और बैंक में जमा नहीं करने के स्थान पर अपने पास रख लिए। रिपोर्ट में कहा कि लोन ऑफिसर योगेश सैनी ने धोखाधड़ी कर बैंक के साथ कुल 10,68,338, रुपए का गबन किया है। थाना अधिकारी ने बताया की फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया मामले में अनुसंधान करते हुए बैंक के लोन ऑफिसर बूंदी निवासी योगेश सैनी को गिरफ्तार किया गया।

बनखंडी बालाजी धाम में उमड़ी भीड़

कोटा, (निसं)। नववर्ष के अवसर पर बनखंडी बालाजी तपोभूमि आश्रम श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के रंग में रंगा नजर आया। 31 दिसंबर की संध्या को आयोजित भव्य भजन संध्या के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के दर्शन कर नए वर्ष का स्वागत उमंग और आनंद के साथ किया। 1 जनवरी को विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

नवनिर्मित टाउन हॉल सहित 29 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

- रामगढ़ विषधारी टाईगर रिजर्व के माध्यम से इको-टूरिज्म के क्षेत्र में बून्दी को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी : ओम बिरला
- 'तालेड़ा क्षेत्र में 19 एग्रो प्लांट लग चुके हैं, जिससे बून्दी एग्रो-इंडस्ट्री के रूप में उभर रहा है'

कोटा, (निसं)। नया वर्ष विकास के नए संकल्पों का वर्ष होगा और बून्दी के विकास को लेकर जो हमने प्रयास शुरू किए थे उनके परिणाम आपको नजर आएंगे। बून्दी विकास के क्षेत्र में अग्रणी बने, पर्यटन नगरी की पहचान देश-दुनिया में स्थापित हो ये हमारा संकल्प है। बून्दी के सर्वांगीण विकास के लिए जन अपेक्षाओं के अनुरूप कार्ययोजना बनाई है और आने वाले समय में बून्दी विकास, पर्यटन, कृषि और उद्योग के क्षेत्र में एक नई पहचान स्थापित करेगा।

गुरूवार को बून्दी में नगर परिषद द्वारा नवनिर्मित टाउन हॉल व विभिन्न सड़कों के विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कही। बिरला ने कहा कि रामगढ़ विषधारी टाईगर रिजर्व के माध्यम से इको-टूरिज्म के क्षेत्र में बून्दी को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। 2027 में एयरपोर्ट से उड़ान प्रारम्भ होगी इसका लाभ बून्दी के औद्योगिक विकास और पर्यटन को मिलेगा। बिरला ने कहा कि बून्दी को एग्रो हब बनाने के प्रयासों में बड़ी सफलता मिली है। मदर डेयरी का फूड प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित हो रहा है, अकेले तालेड़ा क्षेत्र में 19 एग्रो प्लांट लग चुके हैं, जिससे बून्दी एग्रो-इंडस्ट्री के रूप में उभर रहा है। किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए एग्रो-टेक मेले का आयोजन किया जाएगा, जिससे उन्हें प्रशिक्षण और नई कृषि तकनीकों की जानकारी मिलेगी।

सेंड स्टोन के प्रोत्साहन के लिए स्टोन पार्क का निर्माण भी शीघ्र होगा। गरडदा और नौनेरा परियोजनाओं के माध्यम से आगामी दो वर्षों में हर घर तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। ऑडिटोरियम की मिली सौगात- कार्यक्रम के दौरान 29 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ। 20 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित टॉउन हॉल में 800 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता है। इसके साथ ही 12 कमरे और 2 अतिरिक्त हॉल का भी निर्माण किया गया है। टाउन हॉल सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सार्वजनिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। साथ ही विभिन्न आयोजनों, सम्मेलनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जनसंवाद के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

संवाद कार्यक्रम 3 जनवरी को

बूंदी। राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग के निर्देशानुसार 3 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे से जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई व संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग के पिछड़ेपन और उनके राजनैतिक प्रतिनिधित्व से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर आमजन और सरोकारों से जुड़े पक्षों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा ने बताया कि संवाद आम नागरिकों, राजनैतिक प्रतिनिधियों, विभिन्न संस्थाओं और हितबद्ध व्यक्तियों के विचार करने के साथ ही सुझाव लिए जाएंगे। कार्यक्रम के संचालन के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा को ग्रामीण क्षेत्रों तथा शहरी क्षेत्र के लिए नगर परिषद के आयुक्त धर्मेन्द्र कुमार मीणा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सार-समाचार

अब एक साथ मिलेगा पट्टा, भवन निर्माण और विक्रय स्वीकृति

कोटा, (निसं)। नगर निगम में पट्टे के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति को अब पट्टा, जी प्लस वन की भवन निर्माण स्वीकृति तथा विक्रय स्वीकृति एक साथ जारी कर दी जाएगी। इसी तरह यदि कोई नाम हस्तांतरण के लिए आवेदन करता है तो उसे भी विक्रय स्वीकृति साथ में ही जारी कर दी जाएगी। निगम में होने वाले विभिन्न कार्यों के लिए समय सीमा भी निर्धारित कर दी गई है। निर्धारित समय सीमा में आवेदन का निस्तारण नहीं करने वाले या अनावश्यक चक्कर लगवाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जनता को राहत देने के लिए संभागीय आयुक्त एवं नगर निगम प्रशासक अनिल कुमार अग्रवाल के निर्देशन में निगम आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने गुरूवार को नियमों में सरलीकरण करते हुए इसके आदेश जारी किए हैं। आयुक्त मेहरा ने बताया कि पूर्व में आवेदक पहले पट्टे के लिए निगम में आता था, पट्टा जारी होने पर भवन निर्माण स्वीकृति और फिर भविष्य में आवश्यकता होने पर विक्रय स्वीकृति के लिए चक्कर काटता था। इसी तरह कि प्रक्रिया नाम हस्तांतरण और विक्रय स्वीकृति के मामले में भी होती थी। शहरी समस्या समाधान शिविरों में आए परिवादों की समीक्षा के दौरान आमजन के बार-बार चक्कर काटने तथा विभिन्न कार्यों के समयावधि में पूरे नहीं होने की बात सामने आई। इसको देखते हुए अब निर्णय लिया गया है कि आवंटी के पक्ष में पट्टा जारी किये जाने पर पट्टा शुल्क के साथ भूतल 01 तल की निर्माण स्वीकृति शुल्क और विक्रय स्वीकृति शुल्क भी जमा कर पट्टे के साथ-साथ निर्माण स्वीकृति व विक्रय स्वीकृति भी जारी कर दी जाएगी।

कार से उठ रहे धुएं पर काबू पाया

छबड़ा। नववर्ष के अवसर पर गुगोर फाटक के निकट एक कार में धुआं निकलने से कार में सवार महिलाएं सहित बच्चे व राहगीर सकते में आ गए। मौके पर पहुंचे बापचा पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आवष्यक यंत्र के माध्यम से धुएं को बुझाया। बापचा थाने के हैड कांस्टेबल कम्पोटर सिंह के अनुसार कवाई निवासी षंभूदयाल नागर कार में परिवार सहित गुगोर स्थित बीजासन माता मंदिर पर ढोक लगाने जा रहे थे कि रेलवे फाटक के निकट कार के बोनट से अचानक धुआं उठने लगा। इसे देख कार में सवार लोग व राहगीर अचंभित हो गए। फाटक लगा होने के कारण कुछ ही दूरी पर बापचा पुलिस का वाहन खड़ा था। घटना की जानकारी मिलने के उपरांत वह महिला कांस्टेबल मीना व रोहित के साथ मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए कार में सवार चालक सहित तीन महिलाएं व बच्चों को कार से बाहर निकाला और आवष्यक यंत्र के माध्यम से धुएं पर काबू पाया। संभवतया: अगर पुलिस कर्मी समय पर नही पहुंचते थे तो घटना बड़ा रूप भी ले सकता था। षंभूदयाल नागर का कहना है कि कार में क्लच प्लेट सम्बंधी समस्या थी। उन्होने बापचा पुलिस कर्मियों द्वारा तत्परता दिखाते हुए किए गए सहयोग पर आभार जताया।

ट्रेवल मार्ट का उद्घाटन आज

कोटा, (निसं)। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान की ओर से 2 से 4 जनवरी तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कोटा हाड़ौती ट्रेवल मार्ट का उद्घाटन समारोह का आयोजन शुक्रवार शाम को 5 बजे शौर्य घाट, रिवर फ्रंट पर होगा। उद्घाटन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, उपमुख्यमंत्री व पर्यटन मंत्री दिया कुमारी, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, होटल फेडरेशन के पदाधिकारी एवं पर्यटन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर कोटा हाड़ौती ट्रेवल मार्ट के आगाज की घोषणा कर विधिवत उद्घाटन होगा एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ आतिशबाजी भी की जाएगी। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा संभाग के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न जिलों व हाड़ौती से करीब 150 से अधिक कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार 3 जनवरी को आर्ट हिल सिटी पार्क में हाड़ौती को किस तरह से आइटनरी में शामिल किया जाए इसके लिए ट्रेवल मार्ट में आए देश भर के टूर ऑपरेटरों के साथ बी-2 मीटिंग की जाएगी।

शीतलहर ने बढ़ाई ठिठुरन, अलाव बने सहारा

बूंदी। गुरुवार को नए साल की शुरुआत सीजन की पहली मावठ के साथ हुई। गुरुवार सुबह 6 बजे के आसपास हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई, जो सुबह 9:30 बजे तक जारी रही। इसके साथ ही सुबह घना कोहरा छा गया।

मावठ से पहले भी 2 दिनों से जिलें में हल्के बादल छाए रहे थे, जिससे तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। न्यूनतम तापमान सिंगल डिजिट से बढ़कर डबल डिजिट में पहुंच गया था। मौसम विभाग ने 3 जनवरी तक घने है। कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण जिलें में बारिश की संभावना जताई गई थी, जिसके परिणामस्वरूप आज सुबह हल्की बारिश हुई। मावठ के बाद अब तापमान में गिरावट और सर्दी बढ़ने की संभावना है। इस दौरान तेज सर्दी पड़ने की उम्मीद पिछले एक सप्ताह के तापमान आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को जिलें में अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मंगलवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

पेट्रोल पंप व्यवसायी को मातृ शोक, नेत्रदान कराया

कोटा, (निसं)। पिछले एक माह से बूंदी जिले की कापरेन क्षेत्र में शाईन इंडिया फाउंडेशन और भारत विकास परिषद के नेत्रदान अंगदान देहदान जागरूकता अभियान से क्षेत्र कापरेन में काफी जागरुकता बढ़ी हैं।

बीते 15 दिन पहले, अड़ीला निवासी शिक्षक एवं समाजसेवी स्व. छोटू लाल बाथरा के आकस्मिक निधन के उपरांत, परिजनों ने उनके नेत्रदान और देहदान संपन्न करवाए थे। उसके बाद से करीब 23 लोगों ने नेत्रदान संकल्प और तीन व्यक्तियों ने देहदान के संकल्प पत्र परिषद के साथ भरे हैं। इसी क्रम में, मंगलवार दोपहर कोटा रोड कापरेन निवासी पेट्रोल पंप व्यवसाय ताराचंद गर्ग की माताजी रामप्यारी बाई का आकस्मिक निधन हुआ संस्था के ज्योति मित्र और भारत विकास परिषद के सक्रिय सदस्य शाखा संरक्षक ललित कुमार टेलर ने तुरंत ही ताराचंद गर्ग से माताजी के नेत्रदान करवाने के लिए अनुरोध किया।

ताराचंद ने तुरंत ही सहमति दे दी, इसके उपरांत ललित टेलर की सूचना पर, कोटा से शाईन इंडिया फाउंडेशन और ईबीएसआर बीबीसी चैप्टर कॉर्डिनेटर डॉ. कुलवंत गौड़ कापरेन पहुंचे, और परिवार के सभी सदस्यों के बीच में डॉ.गौड़ ने रामप्यारी के पार्थिव शव से नेत्रदान प्राप्त किया।

नेत्रदान प्रक्रिया के बाद डॉ कुलवंत गौड़ ने मुक्तिधाम पहुंचकर भी उपस्थित लोगों को नेत्रदान के बारे में छोटी से छोटी जानकारी उपलब्ध करायी। 10 मिनट में होने वाली नैत्रदान की प्रक्रिया में किसी तरह का कोई रक्त नहीं निकला, न ही चेहरे पर कोई विकृति आयी।

ज्ञात हो कि, 2 वर्ष से 80 वर्ष तक कि उम्र की मृत्यु में 8 घंटो तक नैत्रदान संभव है, सर्दियों में 10 से 12 घंटे तक भी नैत्रदान संभव है, और यदि शव को डीपफ्रीज़ में रख दिया है, तो 24 घंटे तक भी नैत्रदान संभव है।

ब्राह्मण कल्याण परिषद के स्थापना दिवस पर 276 यूनिट रक्तदान

कोटा, (निसं)। ब्राह्मण कल्याण परिषद द्वारा अपने 11वें स्थापना दिवस के अवसर पर गोदावरी धाम परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 276 यूनिट रक्तदान हुआ।

शिविर में नारी शक्ति एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाकर समाजसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना के साथ गोदावरी धाम के महंत शैलेंद्र भार्गव द्वारा किया गया। परिषद के संयोजक अनिल तिवारी ने बताया कि यह रक्तदान शिविर समाजसेवा की भावना से प्रेरित होकर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वैच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। बरसात के बाद भी रक्तदाताओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। शिविर प्रातः 8.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक निरंतर चलता रहा और रक्तदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास, पुलिस अधिकारी नवल शर्मा, कांग्रेस नेता शिवकांत नंदवाना, ब्राह्मण कल्याण परिषद के संभागीय अध्यक्ष बृजराज गौतम एवं महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। शिविर में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज अध्यक्ष विशाल शर्मा, आयुर्वेद कॉलेज कोटा के प्राचार्य नित्यानंद शर्मा, पार्षद सुनील गौतम, ओम तनकारिया, किशन पाठक सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित रहकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर संभागीय महिला अध्यक्ष डॉ. शीला तिवारी, ब्रिजेशकांत शर्मा, दिनेश शर्मा, लोकेश शर्मा, अरुण भार्गव, दिलीप औदीच्य, राकेश शर्मा, डॉ. मनोज शर्मा, विनीत बाजपेई, पीयूष शर्मा, बुद्धि प्रकाश दाधीच, प्रमोद जोशी, डॉ. मनीष तिवारी, विनोद शर्मा, अशोक मिश्रा, अमित ठाकुर, दिग्विजय शुक्ला, इंद्र नारायण शर्मा, चंद्रप्रकाश गौतम, कुशाग्र शर्मा, पुरुषोत्तम पंचोली, चेतन शर्मा, हर्षित गौतम, विशाल पारीक, भारत उपाध्याय, गोपाल शर्मा, अनिल शर्मा, कमल शर्मा, सत्यनारायण पारीक, देवजीत शर्मा, आशा मिश्रा, रानी पारीक, रेखा जोशी, पवन शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने किया मेले का शुभारंभ

बूंदी। टाइगर हिल स्थित मांधाता बालाजी के 1 जनवरी से 4 जनवरी तक आयोजित होने वाले मेले का लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रामायण की पूजा अर्चना, आरती कर शुभारंभ किया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मांधाता बालाजी से देश-प्रदेश और जिले में सुख समृद्धि की कामना की। टाइगर हिल पहुंचने पर मेला समिति द्वारा ओम बिरला का माल्यार्पण कर, साफा बंधवाकर अभिनंदन किया गया मेला समिति ने मांधाता बालाजी के विकास के लिए ज्ञापन भी सौंपा।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत, जिला महामंत्री संजय लाठी, शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी, मन की बात जिला संयोजक भरत शर्मा, मेला संयोजक गौरव वर्मा , वानर सेना जिला अध्यक्ष स्वप्नेश शर्मा, शहर महामंत्री संजय भूटानी पूर्व शहर अध्यक्ष महावीर खंगार, शहर प्रवक्ता अभिषेक जैन, मंडल प्रभारी अशोक शर्मा, शहर मंत्री चेतन पंचोली, पार्षद नवीन सिंह, आशीष शर्मा, टिल्लू सोमानी, नितेश शर्मा, संदीप श्रृंगी, मोहन कराड़, प्रदीप श्रीमाल, विनोद गर्ग, दीपक पंचोली, बंटी शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

बिरला को मांग पत्र सौंपा

बून्दी। नगर परिषद के तत्वाधान में आज नवनिर्मित टाउन हॉल के लोकार्पण समारोह में पहुंचे कोटा-बून्दी लोकसभा सांसद एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को दिव्यांग विकास संगठन एवं भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ की ओर से दिव्यांगजनों की मांगों का मांगपत्र प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर दिव्यांग विकास संगठन के अध्यक्ष हेमराज मीणा, संरक्षक सुरेंद्र सिंह सोलंकी, संयोजक कपूरचंद्र सेठिया, मीडिया प्रभारी भोलाशंकर, श्याम सैनी, श्योजीलाल सैनी, मदनलाल चौकीदार, धर्मराज सैनी, खलील, महावीर सैनी, सुलखन सिंह, विश्वेन्द्र सिंह सोलंकी एवं योगेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

नवनिर्मित नेचुरोपैथी विभाग का उद्घाटन

- रेलवे चिकित्सालय में कर्मचारियों को मिलेगा स्वास्थ्य लाभ

कोटा, (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल स्थित मंडल रेलवे चिकित्सालय में गुरूवार को प्राकृतिक चिकित्सा विभाग का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस नवनिर्मित एवं विस्तारित प्राकृतिक चिकित्सा विभाग का उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा एवं महिला कल्याण संगठन, कोटा मंडल की अध्यक्षा अंशु कालरा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इसके साथ ही "विश्रांति" उपवन में वृक्षारोपण भी किया गया, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि मंडल रेलवे चिकित्सालय में कर्मचारी हित निधि उप समिति द्वारा संचालित इस प्राकृतिक चिकित्सा विभाग का प्रारंभ मार्च 2025 से किया गया था, जिसे अब विस्तारित करते हुए पूर्ण विकसित विभाग का स्वरूप दिया गया है। पूर्व में यह सुविधा सीमित समय एवं एक कक्ष में संचालित होती थी, जबकि अब इसके लिए पृथक हॉल, आवश्यक उपकरण, रोगियों के लिए वार्ड तथा प्राकृतिक वातावरण से युक्त उद्यान विकसित किया गया है। इस प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में पंचतत्व आधारित उपचार पद्धति के माध्यम से रोगियों का इलाज किया जाएगा। विभाग में कार्यरत चिकित्सक डॉ.चंद्रजीत शर्मा द्वारा प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उपचार में आहार चिकित्सा, जल चिकित्सा, सूर्य चिकित्सा, वायु चिकित्सा, मिट्टी चिकित्सा, योग, प्राणायाम, ध्यान सहित सहायक उपचार पद्धतियों को शामिल किया गया है। वर्तमान समय की तेज़ रफ्तार और तनावपूर्ण जीवनशैली के कारण मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, मानसिक तनाव, अनिद्रा जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में प्राकृतिक चिकित्सा एक सुरक्षित, किफायती एवं दीर्घकालिक स्वास्थ्य समाधान के रूप में उपयोगी सिद्ध हो रही है, जो शरीर की स्व-चिकित्सा क्षमता को सक्रिय कर रोग के मूल कारणों को दूर करने पर आधारित है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक ललित कुमार धुरंधर, एवं योगेश कुमार मित्तल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सुपर्णा सेन रॉय, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुप्रकाश सहित मंडल के विभिन्न विभागों के शाखा अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यालय पंचायत समिति छीपाबड़ौद जिला बारां (राज.)

क्रमांक-पं.स.छी/2025-26/1530 **विज्ञप्ति** दिनांक-21.12.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति छीपाबड़ौद की इकलेरा रोड पर स्थित दुकानों की दिनांक 22.01.2026 को दोपहर 12:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक खुली धरोहर राशि की बोली निलामी की जावेगी। निलामी की शर्त कार्यालय समय में कार्यालय में देखी जा सकती है। इच्छुक व्यक्ति 10,000/- रू धरोहर राशि जमा करवाकर बोली में भाग ले सकता है।

क्र. सं.	दुकान का नम्बर	दुकान जहां स्थित है।	साईज	किराया मासिक	क्र. सं.	दुकान का नम्बर	दुकान जहां स्थित है।	साईज	किराया मासिक
1.	S-1	पंचायत समिति छीपाबड़ौद, इकलेरा मेन रोड पर	10X15	2700	10.	S-10		10X15	2700
2.	S-2		10X15	2700	11.	S-11		10X15	2700
3.	S-3		10X15	2700	12.	S-12		10X15	2700
4.	S-4		10X15	2700	13.	S-13		10X15	2700
5.	S-5		10X15	2700	14.	S-14		10X15	2700
6.	S-6		10X15	2700	15.	S-15		10X15	2700
7.	S-7		10X15	2700	16.	S-16		10X15	2700
8.	S-8		10X15	2700	17.	S-17		10X15	2700
9.	S-9		10X15	2700					

विकास अधिकारी पंचायत समिति छीपाबड़ौद

प्रधान पंचायत समिति छीपाबड़ौद

केंद्रीय मंत्री सिंधिया के जन्मदिन पर रक्तदान

कोटा, (निसं)। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री एवं सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिवस के अवसर पर महाराज माधवराव सिंधिया वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम कृष्णा रोटरी ब्लड बैंक, तलवंडी में दोपहर 12 बजे से संपन्न हुआ महाराज माधवराव सिंधिया वेलफेयर सोसाईटी के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता इंद्र मोहन सिंह 'हनी' ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर समिति के सदस्यों एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं ने सिंधिया के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। महाराज माधवराव सिंधिया वेलफेयर सोसाईटी के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता इंद्र मोहन सिंह 'हनी' ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिवस पर सेवा भाव के अंतर्गत रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।